उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## मंगलवार, 23 माघ, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 12 फरवरी, 2019 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. निधन के निदेश।

3. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड लोक सेवा (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण) अध्यादेश, 2019 (अध्यादेश संख्या 01, वर्ष 2019) को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2018 को सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे किः-

   (1) उत्तराखण्ड विनियोग (वर्ष 2018-2019 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 12 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का पैतीसवां अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001)(संशोधन) विधेयक 2018 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2018 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 20 दिसम्बर, 2018 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2018 का छत्तीसवां अधिनियम बन गया।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम प्रेम राजपुर में मेन रोड से विद्या के खेत की ओर सी०सी०सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री ओमपाल सैनी पुत्र श्री दलपत सैनी, ग्राम-प्रेम राजपुर, पो०-भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम दौड़बसी में शमशान घाट की चार दीवारी का निर्माण करने के सम्बन्ध में" श्री शिशपाल, पुत्र श्री सत्तू, ग्राम-दौड़बसी, पो०-सिरचन्दी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा ''जनपद हरिद्वार के ग्राम बिनारसी में शमशान घाट की चार दीवारी का निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री विनोद पुत्र श्री ईश्वरदत्त, ग्राम-बिनारसी, पो०-चुड़ियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड जौनपुर में अगलाड़ व अन्य सहायक नदियों से काश्तकारों की उपजाऊ कृषि भूमि के कटाव को रोकने हेतु सुरक्षात्मक कार्य करवाये जाने के सम्बन्ध में'' श्री शीशपाल सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, ग्राम गवाणा पो0 भवान, जौनपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत देहरादून-सुवाखोली-भवान-मोरियाणा-नगुण मोटर मार्ग के मध्य मोरियाणा अथवा क्वार्दा-डडोली के आस-पास प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने के सम्बन्ध में'' श्री राम सिंह बुढ़ान पुत्र श्री शूरवीर सिंह, ग्राम डडोली पो0 नागराजाधार थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कण्डीसौड़ में वन विश्राम गृह निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री बुद्धी सिंह बिष्ट पुत्र श्री करण सिंह, ग्राम धरवाल गांव पो0 छाम, थौलधार,जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र टिहरी में टिपरी पम्पिंग योजना के पुनर्गठन न होने से ग्राम टिपरी व गेवली चौरियारधार में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से न होने के सम्बन्ध में'' श्री महाजन सिंह पंवार, ग्राम व पो0 टिपरी, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र टिहरी के ग्राम करास कफलना की वन विभाग के बांज के जंगल की तरफ से गांव की खेती की सुरक्षा के लिए तारबाढ़ घेरबाढ़ करवाने के सम्बन्ध में'' श्री भगवान सिंह पंवार, ग्राम करास, पो0 अंजनीसैंण, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र टिहरी के ग्राम जाखणीधार कोश्यार अखोड़ीसैण में वन विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के परिवहन विभाग द्वारा पास न होने से सड़क दुर्घटनाओं में मृतक परिवारों को मुआवजा न मिलने के सम्बन्ध में'' श्री जयपाल सिंह, ग्राम अखोड़ीसैण, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र देहरादून, तहसील-विकासनगर, वि०ख० सहसपुर के ग्राम पंचायत गुजराड़ा करनपुर के अन्तर्गत जामुनवाला एवं कैंट एरिया के मध्य नून नदी पर पुल निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री राजेन्द्र सिंह कुँवर पुत्र स्व० श्री श्याम सिंह कुँवर जनपद देहरादून एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के ग्राम सभा ल्वाड-डोबा के तोक बनेलिया में क्वैरखाव नदी में भू-कटाव को रोकने हेतु सीमेंन्ट के ब्लाक व चैकडाम निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भीम सिंह ग्राम-ल्वाड़-डोबा पो0-हरीशताल जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लाक के ग्राम सभा पतेलिया मे नरतोला से पतेलिया पेयजल लाईन के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में" श्री प्रताप सिंह पडियार पुत्र श्री तिलोक सिंह, ग्राम- पतेलिया, पो0-नरतोला, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा ''विधान सभा क्षेत्र भीमताल के रा0 सा0 स्वास्थ्य केन्द्र भीमताल में अन्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे व चिकित्सकों के सम्बन्ध में" श्री पूरन चन्द्र बृजवासी पुत्र श्री चन्द्रशेखर, वार्ड न0-3 भीमताल, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

21. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

22. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

23. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

24. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

25. उच्च शिक्षा मंत्री, हिमालयीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2019 पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

26. उच्च शिक्षा मंत्री, हिमालयीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2019 को पुरःस्थापित करेंगे।

27. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

28. श्री विनोद कण्डारी, सदस्य विधान सभा निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगेः-

''यह सदन माननीय राज्यपाल को उनके द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2019 को दिए गये अभिभाषण के लिए कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।''

श्री बलवन्त सिंह भौर्याल, सदस्य विधान सभा उक्त प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

(प्रस्ताव में संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **''ख''**)

29. दिनांक 04 दिसम्बर, 2018 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-09 के संबंध में कुंवर प्रणव सिह ''चैम्पियन'', सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सोनाली नदी के बायें किनारे पर रूपये 2260.57 लाख की लागत से तटबन्ध निर्माण कार्य को बीच में अपूर्ण छोड़े जाने से क्षेत्र के 12 ग्रामों में आगामी वर्षा ऋतु में जानमाल का घोर संकट उत्पन्न होने विषयक सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

30. दिनांक 04 दिसम्बर, 2018 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-13 के संबंध में कुंवर प्रणव सिह "चैम्पियन", सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई गंगा नदी के तटबन्ध के निर्माण के समय नदी तटबन्ध से 2 से 3 कि0मी0 दूर होने का गलत उल्लेख होने तथा बांध के ध्वस्त हो जाने से क्षेत्र के 15 ग्रामों को जानमाल का गम्भीर खतरा होने विषयक सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

31. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 11 फरवरी, 2019

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

उत्तराखण्ड विधान सभा

प्रथम सत्र, 2019
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

माघ 23, शक संवत्, 1940

( दिनांक : 12 फरवरी 2019 )

नत्थी 'क'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैडा<br>27.12.2018 | *1 क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत देवगुरू, उत्तर भारत का प्रसिद्ध बृहस्पति महाराज का मंदिर है? क्या उक्त धाम हेतु पर्यटन विभाग कोई कार्य कर रहा है? उक्त धाम में जाने हेतु मीलों दूर तक पैदल जाना पड़ता है? क्या सरकार उक्त धाम के लिये मोटर मार्ग निर्माण हेतु प्रयास कर रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हरीशताल व लोहाखामताल के रख रखाव के लिये पर्यटन विभाग द्वारा कोई योजना प्रस्तावित है? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.01.2019 | *2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों हेतु कितने छात्रावास निर्मित है? नये छात्रावासों के निर्माण की सरकार की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.01.2019 | *3. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि माननीय उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा वाहन दुर्घटना रोकने एवं यातायात के सुचारू संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है? क्या सरकार ने इन दिशा निर्देशों को लागू किये जाने हेतु कोई कार्य योजना तैयार की है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.01.2019 | *4. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि समाज कल्याण विभाग में विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ पाने हेतु आवेदको की अधिकतम मासिक आय के मानक 4,000 रूपये प्रतिमाह होने के फलस्वरूप वास्तविक रूप से जरूरतमंद व्यक्ति योजना से लाभान्वित नहीं हो पा रहे है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त योजनान्तर्गत अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने हेतु अधिकतम आय सीमा के मानको में वृद्वि करने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री चन्दन राम दास<br>02.01.2019 | *5. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आवर्तक अनुदान पर संचालित अनु0जाति के विद्यालयों को विभागीय विद्यालयों की भॉति 5वें, 6वें व 7 वें वेतन आयोग का लाभ दिया जायेगा? यदि हां, तो सरकार इन्हें 5वें, 6वें व 7 वें वेतन आयोग का लाभ शीघ्र देने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>03.01.2019 | *6. क्या परिवहन मंत्री इस तथ्य से अवगत है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में निजी ऑपरेटरों द्वारा संचालित बसें अक्सर दुर्घटना का शिकार होती है जिसमें अमूल्य जाने चली जाने से उनके परिजन संकट में आ जाते है? क्या सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की बसों से हो रही दुर्घटनाऐं कम करने तथा यात्रियों का जीवन बीमा किये जाने हेतु कोई योजना बनायी गयी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.01.2019 | *7 क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि वृद्धावस्था, विकलांग, निराश्रित पेंशन अब बैकों के माध्यम से दी जा रही है? क्या यह भी सत्य है कि अधिकांश गांवों से बैंक दूर होने के कारण पेंशन धारकों को पेंशन लेने में परेशानी हो रही है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उन पेंशन धारकों को पोस्ट आफिस से पेंशन वितरित करने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.01.2019 | *8 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 01 अप्रैल 2017 से आतिथि तक विभिन्न स्थानों पर वाहन दुर्घटनाओं में कुल कितने लोग मारे गये है?कुल कितने लोग गम्भीर रूप से घायल हुए है? क्या सरकार बतायेगी कि जनपदवार वाहन दुर्घटनाओं में मृत लोगों के आश्रितो तथा घायलों को कितनी–कितनी धनराशि की आर्थिक सहायता प्रदान की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री खजानदास<br>10.01.2019 | *9 क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओ0बी0सी एवं अन्य छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति, गौरा देवी कन्या धन योजना का लाभ समय से नहीं मिल पा रहा है तथा छात्र छात्रायें लगातार लम्बित छात्रवृत्ति के भुगतान की मांग करते चले आ रहे हैं ? क्या सरकार पिछले कई वर्षों से लम्बित छात्रवृत्ति का भुगतान संबंधित को करेगी अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>14.01.2019 | (चतुर्थ सोमवार के तारांकित –13 में स्थानान्तरित)<br>*10. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि मसूरी विश्व प्रसिद्व पर्यटक स्थल है और देश के अलग–अलग प्रान्तों से गणमान्य व्यक्ति मसूरी प्रवास पर रहते है, किन्तु मसूरी में कोई राजकीय अतिथि गृह नहीं होने के कारण अत्यधिक परेशानी होती है? क्या मा0 पर्यटन मंत्री जी बताने का कष्ट करगें कि मसूरी में अतिथि गृह बनाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हां तो इस प्रकरण में कोई कार्यवाही की जाऐगी? यदि नहीं तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री मनोज रावत<br>15.01.2019 | *11. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि क्या राज्य में परिवहन निगम की बसों की कमी को पूरा करने के लिए कम्पनियों को राज्य के विभिन्न सड़क रूटों हेतु परमिट दिए जाते हैं? इन कम्पनियों को परमिट दिए जाने के क्या आधार है? क्या परमिट दिए जाते समय बड़े शहरों से दूरस्थ क्षेत्र हेतु परिवहन की व्यवस्था और राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में उस कम्पनी द्वारा परिवहन संचालन को भी ध्यान में रखा जाता है? | परिवहन |
| श्री मनोज रावत<br>15.01.2019 | एक से अधिक विभाग एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>*12. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य में जिलेवार कितने गांवों को अनुसूचित जाति उपयोजना एवं जनजाति उपयोजना के अर्न्तगत चयनित किया गया है? इन चयनित गांवों के विकास हेतु राज्य सरकार की क्या योजना है? राज्य में गत 3 सालों में जिलेवार, कितना धन विभिन्न मदों मे यथा–केन्द्रीयकृत सहायता, राज्य योजना, जिला योजना अथवा अन्य सहायता के रूप में स्पेशल कंपोनैन्ट प्लान के अर्न्तगत अवमुक्त हुआ है? | समाज कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>15.1.2019 | *13 क्या सिंचाई मत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए बांध की ऊॅचाई निर्धारित है? यदि हां, तो क्या मत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि टिहरी बांध की ऊॅचाई कितने मीटर निर्धारित है? क्या यह सत्य है कि टिहरी बांध के लिए जमीन का अधिग्रहण 835 मीटर तक ही किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि यदि झील भराव के कारण 835 मीटर के ऊपर रह रहे व्यक्ति/परिवार का नुकसान होता है तो उसका पुनर्वास किस नीति से किया जायेगा?यदि नही ,तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.1.2019 | *14 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र सल्ट से राजधानी देहरादून को एक मात्र बस सेवा जो देघाट–देहरादून से संचालित थी, लेकिन बहुत समय से यह बस सेवा बन्द कर दी गयी है? यदि हां, तो बस सेवा बन्द करने का क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में देघाट–देहरादून बस सेवा को पुनः संचालित करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक?यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.1.2019 | *15 क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए भूमि अधिगृहित की गयी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि टिहरी बांध विस्थापितों की अधिगृहित जमीन, गग्रमीण व शहरी पुनर्वास के लिए कट आफ डेट कब थी ? क्या यह भी सत्य है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए अधिगृहित जमीन, टी0एच0डी0सी0 के नाम से दाखिला खारिज किया गया है? यदि हां, तो टी0एच0डी0सी0 के नाम टिहरी बांध परियोजना के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रामीणों की अधिगृहित भूमि का दाखिला खारिज कब से प्रारम्भ हुआ तथा उनका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>17.01.2019 | *16 क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, के निर्धन छात्र–छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रारम्भ दशमोत्तर छात्रवृत्ति और प्रोफेशनल कोर्स छात्रवृत्ति योजना की स्वीकृति और आंवटन प्रक्रिया बहुत जटिल है? इसके कारण वर्ष 2017–18 की छात्रवृत्तिया अब तक पूर्ण रूप से स्वीकृति और वितरित नहीं हो पायी हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2018–19 भी समाप्त होने को है? क्या समाज कल्याण विभाग आवेदन प्रक्रिया और स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये कोई कदम उठायेगा और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>21.01.2019 | *17 क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में अनुसूचित जाति व गरीब विधवा महिलाओं की बेटियों की शादी हेतु धनराशि देने का प्राविधान किया गया है? यदि हां, तो विगत दो वर्षो में उक्त योजना हेतु कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा कितनी महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई?क्या सरकार उक्त योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करेगी?यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री मनोज रावत<br>21.01.2019 | *18. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सामान्य जन को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निजी कम्पन्यिों को परमिट देने की कोई नीति/नियमावली है? यदि हां, तो उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था कर रही, आजादी से पूर्व, स्थापित एशिया के सबसे बड़े नेटवर्क वाली परिवहन कम्पनी ''गढ़वाल मोटरर्स ओनर यूनियन लिमिटेड'' (जी0एम0ओ0यू0लि0) को गढ़वाल के दूरस्थ क्षेत्रों से देहरादून तथा रूड़की हेतु परिमिट देने का मामला कब से और क्यों लम्बित है? क्या मंत्री जी तत्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेंगें? | परिवहन |
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का<br>02.01.2019 | *19. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि अनु0 जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (केन्द्रीय अधिनियम सं0 2 वर्ष 2007) की धारा 6 की उपधारा–3 के अर्न्तगत जिलास्तरीय, उपखण्ड स्तरीय समिति बनाने का प्रावधान है? यदि हॉ, तो क्या जनपद नैनीताल में भी कोई समिति गठित है? यदि हॉ, तो उत्तराखण्ड गठन के बाद क्या जनपद नैनीताल में समिति ने कोई कार्य किया है? | समाज कल्याण |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>07.06.2018 | 01. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के लोगों के लिए विभिन्न कल्याण योजनायें संचालित की जाती है? यदि हां, तो उक्त योजनाओं के विगत तीन वर्षों में आवंटित धनराशि का विवरण क्या है? क्या यह धनराशि समय पर अवमुक्त की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.06.2018 | 02. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के मानक क्या है? वर्ष 2015–16 में हरिद्वार जिले में निर्माण कार्यों हेतु विधानसभावार कितना धन आवंटन किया गया? विधान सभा झबरेड़ा में कितना धन आवंटन किया जा रहा है? यदि विधान सभा भगवानपुर हेतु पिछली पंचवर्षीय योजना में कम धन आवंटित किया गया है तो इसके क्या कारण है? क्या विधान सभा झबरेड़ा में एस0सी0पी0 के अधीन धन आवंटित किए जाने की योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री राजकुमार<br>5.11.2018 | 03. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वित्तीय वर्ष 2018–19 में एस0सी0एस0पी0 में कुल कितनी धनराशि प्रावधानित हुई है, तथा आतिथि तक कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की जा चुकी है? जनपद उत्तरकाशी एवं विधान सभा क्षेत्र पुरोला में चालू वित्तीय वर्ष में कुल कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गयी है? | समाज कल्याण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.12.2018 | तृतीय सोमवार के अतारांकित 28 में स्थानान्तरित।<br>1. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि प्रदेश सरकार द्वारा धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्रों में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो इसके लिए कहां–कहां क्षेत्र चिन्हित किये गये है, तथा उन पर कब तक कार्य पूर्ण होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.12.2018 | 2 क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि पिछली सरकार के कार्यकाल में एस0सी0/एस0टी0 छात्रवृत्ति वितरण में हुई अनियमितता की जानकारी मिली है? यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.12.2018 | 3. क्या समाज कल्याण मत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2017–18 एंव 2018–19 वर्तमान मे अवस्थापना मद 'स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान' के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओ का जिलेवार विवरण क्या है? क्या मत्री जी बताने का कष्ट करेगे कि उक्त स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.12.2018 | 4. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 से वर्तमान समय तक राज्य में आने वाले पर्यटकों की स्थिति का वर्षवार विवरण क्या है? क्या सरकार पर्यटन की दृष्टि से छूटे ऐसे रमणीय स्थलों पर भी आधारभूत सुविधाओं का विकास कर पर्यटकों की उत्तरोत्तर संख्या बढ़ाने हेतु प्रयास करेगी? यदि हॉ, तो क्या और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.12.2018 | 5. द्वितीय सत्र 2018 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या– 03 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर में बस अड्डे का निर्माण शासन की प्राथमिकताओं के किस स्तर पर हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त क्षेत्र में बस अड्डे के निर्माण के प्रति उदासीनता के क्या कारण हैं? | परिवहन |
| श्री मनोज रावत<br>28.12.2018 | 6. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में परिवहन निगम की बसों की कमी को पूरा करने के लिए कम्पनियों को राज्य के विभिन्न सड़क रूटों हेतु परमिट दिए जाते है? कम्पनियों को परमिट दिए जाने के क्या आधार है? क्या परमिट दिए जाते समय बड़े शहरों से दूरस्थ क्षेत्र हेतु परिवहन की व्यवस्था और राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में उस कम्पनी द्वारा परिवहन संचालन को भी ध्यान में रखा जाता है? | परिवहन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>28.12.2018 | 7. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि कुमांऊ मण्डल विकास निगम व गढवाल मण्डल विकास निगम के पर्यटन आवास गृहों की लाभ – हानि की स्थिति क्या है? क्या सरकार उपरोक्त निगमो द्वारा अनेकों स्थानों पर संचालित न हो रहे आवास गृहो को पी.पी.पी. मोड मे देने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री राम सिंह कैडा<br>28.12.2018 | 8. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि भीमताल विधान सभा के भीमताल ब्लाक के ग्राम सभा अलचौना से सिंचाई विभाग की जो नहर है वह जीर्ण–शीर्ण है? क्या ग्रामीणों के द्वारा कई बार विभागीय अधिकारी से कहने के बाद भी उक्त नहर की मरम्मत नहीं की जा रही है? जबकि पूरे गांव की सिंचाई उसी नहर पर निर्भर है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त नहर की मरम्मत कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री राम सिंह कैडा<br>28.12.2018 | 9. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल विकास खण्ड के भीमताल नगर में रोडवेज स्टेशन खोला जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पतलोट–अमजड़–भीड़ापानी–ढोवीगांव डालकनिया तक रोडवेज की बसें कब तक चलेगी? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैडा<br>28.12.2018 | 10. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि भीमताल झील जो मलवे से भर गयी एंव नालों का गन्दा पानी लगातार उक्त झील को दूषित करते जा रहा है, उक्त झीलों एवं गधेरों से जो मलवा आ रहा है उसकी सफाई के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे है तथा उक्त झीलों की सफाई कब तक होगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री कैलाशचन्द्र गहतोड़ी<br>01.01.2019 | 11. क्या सिचांई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि चम्पावत जिले की चम्पावत विधान सभा के टनकपुर क्षेत्र में शारदा नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाव हेतु बाढ़ सुरक्षा योजना को बनाये जाने की कोई योजना है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र शारदा नदी में बाढ़ सुरक्षा योजनाओं का निर्माण करायेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.01.2019 | 12. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017–18, में (एम0एस0डी0पी0) अल्प संख्यक कल्याण योजना के अन्तर्गत क्या–क्या कार्य हुए? यदि नहीं, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.01.2019 | 13. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के अन्तर्गत चुडियाला, मोहनपुर चौराहे पर स्थित शहीद ललित जी की प्रतिमा की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण के संबध में प्रस्तुतकर्ता के पत्र दिनांक 05 मार्च 2018 के सन्दर्भ में तिथिवार की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? यह विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगें एवं क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि उक्त प्रतिमा की मरम्मत एवं सौंन्दर्यकरण कब तक किया जायेगा? | संस्कृति |
| श्री सुरेश राठैर<br>03.01.2019 | 14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि सलेमपुर गंगनहर के किनारे बाल कुंज से लगी हुई सैकड़ों बीघा सिंचाई विभाग की भूमि पर कब्जा किया जा रहा है? क्या अवैध कब्जों को सलेमपुर से हटाने की सरकार की कोई नीति है? यदि हां, तो सरकार द्वारा कितने कब्जे हटाये गये है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का<br>03.01.2019 | 15. क्या सिचाई मंत्री इस तथ्य से अवगत है कि उत्तराखण्ड में राजकीय नलकूपों के रख रखाव की दो व्यवस्थायें हैः– नलकूप निर्माण खण्ड विभाग एवं यूजर ग्रुप द्वारा यदि हॉ, तो कृपया बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में यूजर ग्रुप से कितने नलकूप संचालित हैं व विभाग द्वारा कितने? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नलकूप विभाग में वर्ष 2017–18 में यूजर ग्रुप व विभागीय नलकूपों से कितना राजस्व प्राप्त हुआ? क्या ऐसा भी यूजर ग्रुप का कोई नलकूप है जिससे वित्तीय वर्ष 2017–18 में कोई राजस्व जमा नही हुआ? यदि हॉ तो, उनकी संख्या कितनी है? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.01.2019 | 16. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध विस्थापितों के लिए पात्रता के निर्धारण हेतु कोई श्रेणी बनाई गयी है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कास्तकार की जमीन का कितना प्रतिशत जाने पर तथा गांव की कुल भूमि का कितना प्रतिशत जाने पर विस्थापित माना जायेगा? क्या यह भी सत्य है कि कास्तकार की बची हुई भूमि (835 मीटर से उपर) व अधिगृहीत की गई भूमि (835 मीटर से नीचे) को मिला कर पात्र विस्थापित माना जायेगा? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि इस नीति का अनुपालन कर विस्थापन का कार्य किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.01.2019 | 17. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान दिये जाने हेतु सरकार कोई कदम उठा रही है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.01.2019 | 18. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध के लिए झील के जलभराव क्षेत्र 42 कि0मी0 की परिधि में जमीन अधिग्रहित की गयी है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगे कि टिहरी झील के जल भराव क्षेत्र में 835 मीटर तक कितनी जमीन अधिग्रहित की गयी है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त क्षेत्र में निवासरत लोगों की रजिस्ट्री की भूमि के साथ–साथ बेनाप भूमि पर भी लोगों ने मकान इत्यादि निर्मित किये थे? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि बेनाप भूमि पर निर्मित मकान, गौशाला, स्कूल इत्यादि का प्रतिकर का भुगतान सरकार द्वारा किया गया है? यदि नही, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.01.2019 | 19. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध विस्थापितों को जमीन दी जानी है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक बांध विस्थापितों के लिए जमीन चिन्हीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? क्या यह सत्य है कि टिहरी बांध के पात्र विस्थापितों को सरकार पुर्नवास नीति के तहत जमीन देने की कार्यवाही कर रही है? यदि हा, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक पात्र विस्थापितों की संख्या कितनी है, तथा उन्हें किस नीति के तहत विस्थापित किया जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.01.2019 | 20. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए विस्थापितों के लिए पुनर्वास नीति अधिसूचित की गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि बांध से विस्थापित परिवारों के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की अंतिम तिथि क्या थी? क्या यह भी सत्य है कि अन्तिम तिथि के बाद विस्थापित द्वारा क्रय की गई जमीन को उसके खाते में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है, तथा यदि कास्तकार की जमीन को ''कट ऑफ डेट'' के बाद सरकारी प्रयोजन हेतु लिया गया तो क्या सरकार पात्र विस्थापितों के लिए बनाई गई नीति में सम्मिलित कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.01.2019 | 21. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों को प्रतिनिधित्व बढ़ाये जाने तथा अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किये जाने हेतु मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गयी है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री करन माहरा<br>08.01.2019 | 22. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–2018 में उत्तराखण्ड में टैक्सियों के यात्री कर में प्रति व्यक्ति कितने रूपयों की बढ़ोत्तरी सरकार द्वारा की गई है? क्या सरकार इस पर पुर्नविचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री खजानदास<br>08.01.2019 | 23. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड प्रदेश में पर्यटन एक मुख्य व्यवसाय है तथा लाखों परिवार सिर्फ पर्यटन व्यवसाय से ही अपनी आजिविका चलाते है? पर्यटन व्यवसाय को और अधिक विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के तमाम पर्यटक स्थलों पर सूचना के आदान प्रदान हेतु निर्मित पर्यटन सूचना केन्द्रों को अवैध कब्जों से मुक्त कर पर्यटन सूचना केन्दों पर पर्यटन व्यवसाय को बढाने के लिये कर्मचारियों की तैनाती कर स्थानीय लोगो को रोजगार मुहैया करवाकर पर्यटन सूचना केन्द्रों को अपने कब्जे में लेकर उनकी दशा सुधारेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.01.2019 | 24. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए नई टिहरी शहर, देहरादून, ऋषिकेश व हरिद्वार में आवास निर्मित किये गये थे? यदि हॉ तो, क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त शहरों में कितने व किस श्रेणी के आवास निर्मित किये गये है तथा वह वर्तमान में किन–किन के प्रयोग में है? क्या यह भी सत्य है कि पुनर्वास नीति के तहत निर्मित आवासों में से टी0एच0डी0सी0 के पास आवंटित आवासों का प्रयोजन सरकार स्पष्ट करेंगी? यदि नहीं तो, क्यों? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.01.2019 | 25. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि टिहरी झील में साहसिक खेल कराये जाने है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी झील में साहसिक खेलों के लिए निर्मित कोटी कालोनी में अकादमी संचालन का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा, तथा उसमे कौन–कौन से खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा? यदि नहीं तो, क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.01.2019 | 26. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>क्या संस्कृति मंत्री अवगत है कि राज्य स्तर पर पौराणिक शिवालयों में आज भी हमारे भक्त सावन माह में जल चढ़ाने जाते है? क्या मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश स्तर पर पौराणिक एंव धार्मिक महत्व के शिवालयों में प्रतिवर्ष जल चढ़ाने वाले भक्तों की संख्या कितनी है? क्या यह भी सत्य है कि इन शिवालयों में आज भी अवस्थापना विकास न होने से शिवभक्तों को जल चढ़ाने में असुविधा होती है? यदि हॉ तो क्या सरकार की इन शिवालयों के अवस्थापना विकास की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी 09.01.2019 | 27. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के तहत नई टिहरी व देहरादून में सिंचाई विभाग व टी0एच0डी0सी0 के कार्मिकों के लिए आवास निर्मित कराये गये थे? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त प्रोजेक्ट के तहत नई टिहरी व देहरादून में कितने आवास निर्मित है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त निर्मित आवासों में से टी0एच0डी0सी0 को भी आवास आवन्टित किये गये है? यदि हॉ, तो टी0एच0डी0सी0 को नई टिहरी व देहरादून व ऋषिकेश में जितने आवास आवंटित है उनका प्रयोजन क्या है? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल 09.01.2019 | 28. क्या जलागम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भारी वर्षा एवं भू–कटाव को रोकने हेतु पूर्व से नदी नालों के तटबन्धों पर तार द्वारा तथा चकबन्दी द्वारा भू–कटाव रोका जाता था क्या वर्तमान समय में भी उक्त योजना गतिमान है? अथवा नहीं? | जलागम |
| श्री गणेश जोशी 09.01.2019 | 29. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि माता संतला देवी मंदिर देहरादून का अत्यधिक ख्याति प्राप्त मंदिर है, जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आते है? यदि हॉ तो सरकार माता संतला देवी मंदिर हेतु रोप–वे निर्माण किये जाने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री गणेश जोशी 09.01.2019 | 30. क्या धर्मस्व मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्र्तगत राजपुर में रामनवमी के अवसर पर सैकड़ों वर्षो से माता अम्बिका देवी मेला आयोजित होता है, जहां पर देहरादून एवं आसपास के गांवों से असंख्य श्रद्धालु पहुॅचते हैं? यदि हॉ, तो क्या सरकार माता अम्बिका देवी मेले को राज्य स्तरीय मेला बनाये जाने पर विचार करेगीं? यदि हाॅ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | धर्मस्व |
| श्री गणेश जोशी 09.01.2019 | 31. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि मसूरी के निकट सर जॉर्ज एवरेस्ट हाउस क्षेत्र को नये पर्यटक सर्किट के तौर पर विकसित करने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा? यदि हाॅ, तो क्या सरकार जॉर्ज एवरेस्ट को विकसित करने के लिए कोई योजना बनाऐगी? क्या सरकार ने जार्ज एवरेस्ट के विकास के लिए वर्तमान में कोई धनराशि जारी की है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी 09.01.2019 | 32. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि टिहरी विशेष क्षेत्र पर्यटन विकास प्राधिकरण (टाडा) का गठन किया गया है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त प्राधिकरण में कितने स्थाई व अस्थायी पदों का सृजन हुआ है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त प्राधिकरण में स्वीकृत पदों पर कार्मिक कार्य कर रहे है? यदि हाॅ, तो उन पदों पर कार्यरत कार्मिकों का शैक्षणिक विवरण क्या है तथा स्वीकृत ढांचे के तहत रखे जाने का औचित्य सहित विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.01.2019 | 33. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण हेतु स्थापित नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा इन वर्गों के कल्याण हेतु जो योजनाएं बनाई गई हैं उनका क्या प्रतिफल है ? | समाज कल्याण |
| श्री खजानदास<br>10.01.2019 | 34. क्या बाढ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के विकासखण्ड जौनपुर अन्तर्गत अलगाड एवं भद्रीगाड नदी में सैकड़ों एकड़ भूमि वर्ष 2010 की आपदा में बह गई थी ? अवशेष भूमि एवं जानमाल की हानि को रोकने हेतु तत्कालीन समय में उक्त नदियों में तटबन्ध निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई थी किन्तु भद्रीगाड नदी के कुछ हिस्सों को छोडकर अलगाड नदी के सम्पूर्ण भाग में अब तक भी तटबंध निर्माण एवं सुरक्षा दीवारों का निर्माण नहीं हो पाया है ? क्या सरकार उक्त नदियों के कटाव से होने वाली जनधन हानि को रोकने हेतु शीघ्र ही तटबंध (सुरक्षा दिवार) की कोई कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11.01.2019 | 35. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में सिंचाई विभाग की सिंचाई नहरें कौन–कौन सी है, जिनका रख रखाव सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश सिंचाई नहरें अत्यधिक पुरानी जीर्ण–शीर्ण व मरम्मत/पुर्ननिर्माण योग्य है? यदि हां, तो पुरानी जीर्ण–शीर्ण मरम्मत व पुर्ननिर्माण योग्य सिंचाई नहरों का पुर्ननिर्माण/मरम्मत/जीर्णोद्धार का कार्य कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री खजान दास<br>11.01.2019 | 36. क्या बाढ नियंत्रण मंत्री अवगत हैं कि रिस्पना एवं बिन्दाल नदी पर तटबंध (सुरक्षा दीवार) न होने के कारण हर वर्ष जनधन की हानि होती रहती है तथा जनमानस द्वारा भू: कटाव से होने वाली जनधन की हानि को रोकने हेतु लम्बे समय से उक्त नदियों के दोनो ओर तटबन्ध बनाये जाने की मांग की जा रही है, किन्तु अब तक भी जनधन की हानि को रोकने हेतु उक्त नदियों के दोनो ओर तटबंध (सुरक्षा दीवार) निर्माण हेतु कोई कार्ययोजना तैयार नहीं हो पायी है ? क्या सरकार उक्त नदियों के कटाव से होने वाली जनधन की हानि को रोकने हेतु आगामी मानसून ऋतु से पूर्व तटबंध (सुरक्षा दीवार) की कोई कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.01.2019 | 37. परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत बस अड्डा निर्माण की क्या कोई योजना है? यदि हां, तो कब तक यह योजना पूर्ण होगी? यदि नहीं, तो क्या? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.01.2019 | 38. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना के लिए (टी0एच0डी0सी0) टिहरी हाईड्रो डेवलेपमेंट कार्पोरेशन का गठन किया गया है? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विस्थापितों के लिए सरकार द्वारा समय समय पर लिए गये नीतिगत निर्णयों में टी0एच0डी0सी0 का विधिक रूप से उपस्थित रहना क्या अनिवार्य है ? क्या यह भी सत्य है कि पुनर्वास विभाग की बैठकों में विस्थापन के संबंध में सरकार द्वारा लिए गये नीतिगत निर्णयों पर टी0एच0डी0सी0 को आपत्ति करने का अधिकार है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.01.2019 | 39. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर कई योजनाएं निर्माणधीन है, उनका विवरण क्या है?क्या यह भी सत्य है कि कई योजनायें धन अभाव के कारण पूर्ण नही हो पा रही है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधानसभा के अन्तर्गत होटल मैनेजमैन्ट संस्थान नई टिहरी बौराडी स्टेडियम व चम्बा में पार्किंग निर्माण के लिए कितनी धनराशी दी जानी शेष है तथा इन योजनाओं को सरकार कब तक पूर्ण करेगी?यदि नही तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>10.01.2019 | 40. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत है कि प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ नियंत्रण मद में नदियों से क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों व खेती के बचाव का कार्य किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त मद से कितनी धनराशि प्रदेश स्तर पर आवंटित की गई है? क्या यह सत्य है कि नदियों से क्षतिग्रस्त तटबंधों का प्राकलन गठित करवाया जाता है? यदि हॉ, तो विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत हेवल नदी चंबा व चंद्रभागा नदी जाखनीधार के क्षतिग्रस्त सिंचाई गूलों व जमीन को बचाने का क्या सरकार प्रयास करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हॉ, तो कब तक? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री विनोद कण्डारी<br>14.01.2019 | 41. क्या सिचांई मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जल विद्युत परियोजना श्रीनगर जी0वी0 के अन्तर्गत कुल कितनी भूमि और कितने समय अवधि के लिए लीज पर दिया गया है? तद्संबधित सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं? तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.01.2019 | 42. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम सालियर में सोलानी नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष कटाव के कारण फसलों की बर्बादी तथा गांव में जलभराव की समस्या होती है? क्या सरकार ने इसे रोकने हेतु तटबन्ध बनाने की कोई योजना बनायी है, अथवा नहीं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | बाढ़ नियंत्रण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>15.01.2019 | 43. क्या सिचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि टिहरी बॉध परियोजना प्रभावित पूर्ण डूब क्षेत्र की पात्रता रखने वालों को कृषि और आवासीय भूखण्ड़ के साथ ही भवन प्रतिकर का लाभ भी दिया जाता है? पूर्णडूब क्षेत्र की पात्रता रखने वाले थौलधार विकासखण्ड़ के सरोट–डोभन के 130 परिवार, खण्ड़ के 80 तथा रमोलगांव के 35 परिवार को भी हरिद्वार के पथरी, बहादराबाद और देहरादून के फूलसैंणी में पुर्नवासित किया गया? जिन्हें पुनवार्स नीति के तहत वर्ष 2005 में कृषि और आवासीय भूखण्ड़ दे दिए गये हैं? क्या यह सत्य है कि पुनर्वास निदेशालय द्वारा उनके मकान आर0एल0835मी0 से बाहर होने का बहाना बनाकर उन्हें प्रतिकर का भुगतान नहीं किया जा रहा है? क्या सरकार आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण परिवारों को विस्थापित क्षेत्र में आवास बनाने के लिए भवन प्रतिकर का भुगतान करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>15.01.2019 | 44. पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रसिद्ध शक्तिपीठ तीर्थस्थल वैष्णोदेवी (जम्मू कश्मीर) पैदल पथ व अवस्थापना सुविधाओं की तर्ज पर राज्य के प्रसिद्ध तीर्थधाम यमुनोत्री, केदारनाथ तथा हेमकुण्ड में पैदल पथ व अवस्थापना सुविधाओं की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>15.01.2019 | 45. क्या बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अगलाड़ नदी क्षेत्र एवं सकलाना क्षेत्र में औसतन प्रतिवर्ष आने वाले बाढ़ के कारण जन जीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त और प्रभावित होता हैं? सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण हेतु क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | बाढ़ नियंत्रण |
| श्री मनोज रावत<br>15.01.2019 | 46. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधवाओं की बेटियों की शादी में सरकार द्वारा मद्द करने की कोई योजना है? क्या विधवा के मरने पर अनाथ हो गई बेटी को इस योजना का लाभ मिलेगा? यदि नही, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>15.1.2019 | 47. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में गंगनहर की पटरी जो कि कावड़ मार्ग के रूप में प्रयोग होती है, क्षतिग्रस्त है? यदि हॉ, तो सरकार द्वारा इस मार्ग को कावड़ मार्ग घोषित कर शिव भक्तों के प्रयोग हेतु सुविधायुक्त कब तक पूर्ण रूप से बना दिया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.1.2019 | 48. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि ऑनलाइन की प्रक्रिया से पूर्व के कई वर्षों में प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति से वंचित किये गये तथा विभागीय अधिकारियों व कालेज संचालकों द्वारा छात्रवृत्ति की धनराशि कॉलेजों के खातों में भेजी गयी है? क्या सरकार इसकी जॉच करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.1.2019 | 49. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि विभाग द्वारा प्राकृतिक गधेरों पर झीलों का निर्माण किया जाता है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगें कि अभी तक सरकार ने किन–किन मदों में कृत्रिम झीलों का निर्माण का प्रस्ताव किया है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि की सिंचाई एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के रिचार्ज के लिए उपयोगी झीलों के निर्माण का प्रस्ताव करेगी। यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र टिहरी में हेवल नदी चंबा व चंद्रभागा नदी जाखणीधार में कृत्रिम झील बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.01.2019 | एक से अधिक विभाग एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>50. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि वर्ष 2017–2018 में एस0सी0पी0 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के लिए कितनी धनराशि अवमुक्त की गई तथा उसमें से कितनी धनराशि व्यय की गई? वर्ष 2018–2019 की प्रथम तिमाही में कितनी धनराशि अवमुक्त की गई तथा उसमें से कितनी व्यय हुई? | समाज कल्याण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>17.01.2019 | 51. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए अधिगृहीत की गई जमीन (टी0एच0डी0सी0) टिहरी हाइड्रो डिवलपमेंट कारपोरेशन को दी गई है? क्या यह भी सत्य है कि टी0एच0डी0सी0 को दी गई जमीन का उनके नाम दाखिल खारिज का आदेश सरकार द्वारा किया गया है, तथा उस आदेश का आधार क्या है? | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>17.01.2019 | 52. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि राज्य में टेक होम स्टे योजना संचालित है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उक्त योजना के तहत क्या–क्या सुविधायें दे रही है तथा उनका कियान्वयन किस प्रकार से किया जा रहा है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त योजना पलायन को रोकने में मददगार साबित होगी? यदि हॉ, तो क्या सरकार टिहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नई टिहरी, चंबा, कोटि कालोनी एवं मॉ चन्द्रबदनी, सुरकंडा व राजराजेश्वरी देवी मंदिरों के आस पास के गॉव को उक्त योजना से जोड़ने का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>17.01.2019 | 53. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध विस्थापितों के लिए टिहरी बांध जल भराव से होने वाले नुकसान के लिए सम्पार्शिविक क्षति नीति 2013 अधिसूचित की गयी है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त नीति के तहत अभी तक कितने परिवारों का विस्थापन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री फुरकान अहमद<br>17.01.2019 | 54. क्या सिंचाई मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के अंतर्गत नदियों का जलस्तर बढ़ने के फलस्वरूप ग्राम हकीमपुर तुरी, अलमासपुर, रामपुर, महमूदपुर व अन्य ग्रामों का भूमि कटाव होने के कारण जन जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है? यदि हॉ, तो क्या सरकार जनहित में प्रभावित ग्रामों के नदी के किनारे वाले भाग में पेचिंग करवाने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.01.2019 | 55. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि सरकार द्वारा यात्री बसें खरीदने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो क्या इनमें से कुछ बसों का संचालन झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में भी किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>18.01.2019 | 56. क्या संस्कृति मंत्री बतायेगे कि राज्य में पौराणिक संस्कृति वाध्य यंत्रों, ढोल, नगाडे, पाईपवैण्ड आदि के संरक्षण एवं इन विधाओं का ज्ञान नई पीढी दर पीढी प्राप्त हो सके, सरकार की कोई योजना/संस्थान राज्य में कार्यरत है? यदि हॉ, तो वे कहॉ पर, कब से व अब तक कितनों को ट्रेनिंग दे चुके है, इसका विवरण क्या है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि गैरसैण चमोली में ढोल दमांऊ प्रशिक्षण केन्द्र की सरकार ने कोई घोषणा की है यदि हॉ तो अब तक इस संबंध में क्या कार्यवाही हुई है तथा ऐसे संस्थान कब तक अस्तित्व में आ जायेगा? | संस्कृति |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>18.01.2019 | 57. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगे कि वर्तमान समय में उत्तराखण्ड में कितनी सिंचाई नहरें पूर्ण रूप से बन्द है तथा कितनी नहरें आशिंक रूप से चल रही है तथा इन नहरों पर पूर्ण या आंशिक रूप से पानी न चलने के कारण कितनी हेक्टेयर भूमि जो पहले सिंचित थी अब नहरों के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित हुई है? मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कर्णप्रयाग विधानसभा के अन्तर्गत कितनी सिंचाई नहरें निर्मित हैं व कितनी आंशिक व पूर्ण रूप से बन्द है, आटागाड से शिमली, शीलाघाट नहर, रामगंगा नदी से धारगट तथा कालीमाटी नहरों से वर्तमान में क्या सिंचाई हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार इनको ठीक करायेगी | सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.01.2019 | 58. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध विस्थापितों के पुनर्वास कार्यो के लिए सिंचाई विभाग के द्वारा जमीन अधिगृहीत की गई है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध विस्थापितों के लिए देहरादून, हरिद्वार व टिहरी में भी जमीन अधिगृहीत की गई है? क्या यह भी सत्य है कि अधिगृहीत जमीनों को विस्थापितों को आवन्टित किया गया है? क्या उक्त जमीनों मे से कुछ जमीन अभी भी टी0एच0 डी0सी0 के पास है? यदि हॉ, तो किस प्रयोजन के लिए? यदि नहीं, तो क्यों | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>18.01.2019 | 59. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहित की गयी है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त परियोजना के लिए कुल कितनी जमीन आवन्टित की गई है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त अधिग्रहित जमीन में से टी0एच0डी0 सी0 के पास पुनर्वास स्थलों पर भूसा, सीमेंट, सामान इत्यादि स्टोर के नाम पर भूमि अभी भी उपलब्ध है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त भूमि का टी0एच0डी0सी0 के नाम औचित्य सहित विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.01.2019 | 60. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि अनु0जाति, अनु0जनजाति एवं ओ0बी0सी0 छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की मद में राज्य सरकार द्वारा अलग–अलग कितनी धनराशि वर्तमान वर्ष में जिलों हेतु अवमुक्त की गई है तथा उसमें से जिला स्तर पर कितनी धनराशि का उपयोग अब तक किया जा चुका है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि हरिद्वार जनपद में कितने बच्चों को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जा चुका है? क्या पूर्ण रूप से सभी बच्चे लाभान्वित है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>21.01.2019 | द्वितीय बुधवार के अतारांकित 21 में स्थानान्तरित।<br><br>61. क्या परिवहन मंत्री इस बात से अवगत है कि काशीपुर शहर में निजी बसों एवं ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण जनता को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है? यदि हॉ तो इस समस्या के निदान हेतु क्या सरकार काशीपुर के एस्कार्ट फार्म में सरकार के पास उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो इसका शासनादेश कब तक जारी होगा? यदि नही ंतो क्यों? | परिवहन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>21.01.2019 | 62. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर जिला उधमसिंहनगर के रमणीक स्थल द्रोणासागर एवं गिरीताल का सौन्दर्यीकरण कर इन स्थलों को तीर्थाटन की मान्यता प्रदान किए जाने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनाई गई है? यदि हॉ, तो संबंधित योजना का आकार और इसकी कार्यावधि क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>21.01.2019 | 63. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसके कारण कृषि योग्य भूमि बंजर होती जा रही है ? क्या समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु सिंचाई नलकूप स्थापित किये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

श्री मनोज रावत
21.01.2019

64. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केदारनाथ धाम में बाढ सुरक्षा व अन्य कार्यों में केदारनाथ आपदा के बाद कितना धन खर्च किया गया ? इन योजनाओं के पर्यवेक्षण में तैनात अधिकारी यथा अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता किन किन सिंचाई खण्डों के हैं और किस औचित्य के साथ इन्हें इन कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु तैनात किया गया है ? यदि इनमें कोई केदारनाथ धाम जिस सिंचाई खण्ड के भौगोलिक क्षेत्र के अधीन पडता है से बाहर के खण्ड का है तो उसे केदारनाथ धाम के कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु तैनात किये जाने का औचित्य बतायेंगे ? क्या मंत्री जी तत्संबंधी दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ?

सिंचाई

श्री देशराज कर्णवाल
22.01.2019

65. क्या तीर्थाटन एवं धार्मिक मेला मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम लाठरदेवा हुण में प्रतिवर्ष गणेश मंदिर पर विशाल मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है? क्या सरकार ने मेला क्षेत्र के विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कोई योजना बनायी है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

तीर्थाटन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
22.01.2019

66. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना निर्माण के कारण जनपद टिहरी गढवाल तथा उत्तरकाशी के पुर्नवासित परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन उत्तराखण्ड विधानसभा की समिति गठित कर करवाया जायेगा ? क्या यह सत्य है कि पुनर्वासित स्थानों पर कई सुविधाओं का अभाव होने तथा बेहतर नागरिक सुविधायें विकसित न होने के कारण पुनर्वासित परिवार पुनर्वास होने से पूर्व की स्थिति से भी बदत्तर स्थिति में जीवनयापन करने को विवश हैं ? क्या सरकार टिहरी बांध परियोजना निर्माण के `लिए अपनी सदियों पुरानी परम्परा, खेत खलिहान, मकान छोडकर जाने को विवश इन लोगों का सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री प्रीतम सिंह पंवार
22.01.2019

67. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम को वर्ष 2018–19 में कुल कितनी नई बसें यातायात हेतु क्रय करके प्राप्त हुई हैं या प्राप्त हो रही हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि देहरादून–सुवाखोली– भवान–नगुण–उत्तरकाशी मोटरमार्ग पर दोपहर 1:30 बजे देहरादून से उत्तरकाशी बस सेवा का संचालन कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

परिवहन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
22.01.2019

68. क्या वर्षा एंव जल संग्रहण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य में वर्षा के जल को संग्रहण करने के लिए क्या क्या उपाय किये जा रहे हैं ? क्या सरकार काश्तकारों को वर्षा जल संग्रहण के लिए कोई विशेष योजना कार्यक्रम के तहत विशेष अनुदान/कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा रही है ? यदि हां, तो वह योजना/कार्यक्रम क्या क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

वर्षा जल संग्रहण

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.01.2019 | 69. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को समाज कल्याण विभाग टिहरी गढवाल के द्वारा छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है? जबकि ऐसे प्रशिक्षण व शिक्षणरत छात्रों के द्वारा नैशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर सारी औपचारिकतायें भी पूर्ण की गई हैं? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसे छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति का भुगतान कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.01.2019 | 70. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वर्ष 2016–17 व 2017–18 में जनपदवार किन किन धार्मिक/पर्यटन तथा सांस्कृतिक मेलों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई है ? क्या सरकार बतायेगी कि धार्मिक/पर्यटन तथा सांस्कृतिक मेलों का क्या कोई मानकीकरण किया गया है ? मेलों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने के क्या मानक दिये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.01.2019 | 71. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि समाज कल्याण विभाग में रिक्त समूह 'ग' एवं 'घ' पदों पर भी आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्तियां की गई है? क्या इस संबंध में सरकार की कोई पूर्व निर्धारित नीति है? यदि नियुक्ति हुई तो क्या मंत्री जी पदवार विवरण प्रस्तुत करेंगें? | समाज कल्याण |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>22.01.2019 | 72. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोहाघाट स्थित उत्तराखण्ड परिवहन निगम स्टैण्ड 20 वर्षों से टिन शैड के बने कमरों में संचालित है? जिसके कारण रोडवेज की बसों के संचालन में कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि लोहाघाट बस स्टैण्ड की बिल्डिंग बनाने हेतु काफी लम्बे समय से मांग की जा रही है ? क्या सरकार बस स्टैण्ड लोहाघाट की स्थिति तथा कर्मचारियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए बस स्टैण्ड लोहाघाट के लिए मुख्य भवन का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>23.01.2019 | 73. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा सहसपुर के अन्तर्गत बरसाती नालों से बरसात के मौसम में भूमि कटाव हो रहा है? जिस कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है ? क्या समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु भूमि कटाव रोकने हेतु पुस्ता निर्माण किये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>23.01.2019 | 74. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई गूलें क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिस कारण कृषकों को सिंचाई करने में परेशानी उत्पन्न हो रही है ? क्या इस समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु गूलों के सुधारीकरण हेतु कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>24.01.2019 | 75. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड़ परिवहन निगम काशीपुर के बस अड्डे एवं वर्कशॉप को स्थानान्तरित कर निर्माणाधीन फोरलेन बाईपास के पास ग्राम सरबरखेड़ा में स्थापित किये जाने हेतु सरकार द्वारा भूमि हस्तान्तरण की कार्यवाही कर पूर्ण कर ली गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगें कि वर्तमान में रेलवे क्रासिंग के बराबर में सचांलित पुराने बस अड्डे के स्थानान्तरण की वैकल्पिक व्यवस्था भी कर ली गई हैं? यदि हाँ तो क्या अस्थाई बस अड्डे का संचालन प्रारम्भ हो रहा है और स्थाई बस अड्डे एवं वर्कशाप का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.01.2019 | 76. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत लघु सिंचाई की कितनी योजनाएं है जिनके द्वारा सुचारू रूप से सिंचाई की जा रही है एवं ऐसी कितनी योजनाएं है जिनके निर्माण में हुई अनियमितताओं की जांच चल रही है? क्या अनियमितता करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री धन सिंह नेगी<br>25.01.2019 | 77. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि विभाग अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं की शिक्षा के लिए कोई विशेष योजना संचालित करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें इन वर्गो के छात्र–छात्राओं के लिए कहॉ–कहॉ पर हॉस्टल बनाने की योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "ख"

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव में संशोधन।

**क्र.सं. प्रस्तावक का नाम**

1. श्रीमती इन्दिरा हृदयेश,
2. श्री प्रीतम सिंह,
3. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,
4. श्री करन माहरा,
5. श्री हरीश सिंह,
6. श्रीमती ममता राकेश,
7. काजी मौ0 निजामुद्दीन,
8. हाजी फुरकान अहमद,
9. श्री राजकुमार,
10. श्री मनोज रावत तथा
11. श्री आदेश सिंह चौहान।

**संशोधन का रूप**

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–

1. प्रदेश में रोजगार की सम्भावनाओं को बढाने के लिए उत्तराखण्ड राज्य को पर्यटन प्रदेश के रूप में विकसित किये जाने,
2. स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति का निर्धारण किये जाने,
3. महिलाओं को सुरक्षित रूप से यात्रा, आधी रात में निकलने पर उन्हें कोई भय न हो इस संबंध में कोई नीति घोषित किये जाने,
4. रोजगार के अवसर बढाने के लिए कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
5. विकसित राज्यों की श्रेणी में उत्तराखण्ड को खड़ा करने के लिए अवस्थापना विकास का कोई ढांचा बनाये जाने,
6. उत्तराखण्ड की राजधानी के संबंध में कोई ठोस कदम उठाये जाने तथा राजधानी सभा आधुनिकतम व्यवस्थाओं से युक्त हो इस संबंध में कोई स्पष्ट नीति घोषित किये जाने,
7. चार–धाम यात्रा पूरे वर्ष चले और यात्रायें सुरक्षित हों ताकि हमारी आर्थिकी बढें और श्रद्वालुओं को सभी तरह की व्यवस्था मिले, की कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
8. आपदा के दौरान जो कोई क्षेत्र बर्बाद हुए थे उन्हें पुनः बसाने के संबंध में कोई समय सीमा निर्धारित किये जाने,
9. आपदा के दौरान जो गाँव खाली हो चुके हैं उनके पुनर्वास के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,
10. नदियों की सफाई, नदियों के किनारे सौन्दर्यीकरण तथा नदियों के समस्त क्षेत्रों को पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में कोई नीति बनाये जाने,
11. जो जल स्रोत सूख चुके है उनको रिचार्ज करने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
12. पत्रकारों को आवासीय सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने के संबंध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
13. अटल आयुष्मान योजना के तहत समूचे प्रदेश वासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किये जाने,
14. बी0पी0एल0 वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क एम0आर0आई0 तथा डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराये जाने,

15. शुद्व पेयजल सभी को उपलब्ध हो सके इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाये जाने,
16. वर्ष 2018 में उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के संबंध में कोई ठोस नीति बनाये जाने,
17. हल्द्वानी में अंतर्राज्जीय बस अड्डे हेतु गौलापार में आवंटित भूमि में बस अड्डे का निर्माण किये जाने,
18. विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी के अंतर्गत योग केन्द्र खोले जाने,
19. प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत अधूरी सड़कों को पूर्ण किये जाने,
20. विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी में पूर्व से स्वीकृत सड़कों निर्माण कार्य कराये जाने,
21. भवाली में वर्ष 2010 में स्वीकृत राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही किये जाने,
22. अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल एवं सीवर हेतु खोदी गई सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण किये जाने,
23. प्रदेश के गन्ना किसानों के ऋण भुगतान की समस्याओं का समाधान किये जाने तथा
24. प्रदेश के किसानों का कर्ज माफ किये जाने।''

2 श्रीमती ममता राकेश

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:–

1. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में स्थित स्वीकृत मेडिकल कालेज के भवन निर्माण किये जाने,
2. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में भगवानपुर में स्वीकृत तहसील के भवन का निर्माण हेतु धनावंटन कराये जाने,
3. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में आश्रम पद्यति पर आधारित स्व0 श्री सुरेन्द्र राकेश राजकीय आदर्श आवासीय विद्यालय के भवन का निर्माण कराये जाने,
4. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के भगवानपुर में स्वीकृत बस अड्डे के निर्माण के लिए धनावंटन कराये जाने
5. औद्योगिक क्षेत्र में सत्तर प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार दिये जाने,
6. देवभूमि उत्तराखण्ड को शराब मुक्त किये जाने,
7. प्रदेश में शराब पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाये जाने,
8. गन्ना किसानों का भुगतान किये जाने,
9. किसानों की कर्ज माफ किये जाने,
10. समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विधवा पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक पेंशन, निराश्रित विधवा महिलाओं की पुत्रियों की शादी के लिए दिये जाने वाले अनुदान हेतु आय प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त किये जाने,
11. सम्पूर्ण प्रदेश में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने,
12. सम्पूर्ण प्रदेश में गुणवत्तापरक हैलमेटों पर नीति बनाये जाने,

13. जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेनेज की व्यवस्था बनाये जाने,
14. औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले कैमिकल युक्त दूषित पानी के निदान हेतु कोई नीति बनाये जाने,
15. भगवानपुर विधान सभा में स्थित सामु0स्वा0केन्द्र में डायलिसिस केन्द्र की स्थापना किये जाने,
16. विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर रायपुर, किशनपुर, सिकन्दरपुर, सिकरोढा, सिरचंदी, चौली शाहबुद्दीनपुर, मौला हल्लूमाजरा में नलकूपों के निर्माण हेतु एन0आर0डी0डब्ल्यू0पी0 कार्यक्रम के अंतर्गत नलकूपों के निर्माण हेतु धन की व्यवस्था किये जाने,
17. भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अलावलपुर गॉव में इण्टरकालेज खोले जाने,
18. भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के बहबलपुर गॉव में डिग्री कालेज की स्थापन किये जाने
19. भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र को स्मार्ट सिटी से जोड़े जाने,
20. भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने,
21. भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र को सीवर लाईन से जोड़े जाने,
22. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ग्राम रूहालकी दयालपुर गॉव से इकबालपुर तक मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने,
23. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सकों की स्थायी रूप से नियुक्ति किये जाने,
24. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण कराये जाने,
25. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में नवसृजित नगर पंचायत भगवानपुर में कूड़ा उठान, डस्टविन एवं कूड़ा उठान वाहन एवं सर्वसुलभ शौचालय के लिए कोई ठोस योजना बनाये जाने,
26. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गॉव में गोशाला खोले जाने,
27. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सिग्नल समस्या को देखते हुए मोबाईल टावर लगाये जाने,
28. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गॉव में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्कों के सौन्दर्यीकरण कराये जाने,
29. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के गुरू रविदास मन्दिर व भगवान बाल्मिकी मन्दिरों का सौन्दर्यीकरण कराये जाने,
30. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति उपयोजना की धनराशि स्वीकृत कराये जाने व उसका उपयोग अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में कराये जाने,
31. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गॉव में श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान की चाहरदीवारी तथा प्रत्येक श्मशान घाट में छतरी व कब्रिस्तान में जनाजा कक्ष तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने,
32. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में महिला पॉलिटैक्निक खोले जाने,

33. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गॉव में एक वाटर ए0टी0एम0 लगाये जाने,
34. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा के प्रत्येक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त भवन व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने,
35. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनर्निर्माण कराये जाने,
36. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी गरीब परिवारों एवं किसानों का बिजली बिल माफ कराने,
37. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त समस्त पुलिया का पुनर्निर्माण बरसात से पहले अतिशीघ्र कराये जाने,
38. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में चिकनगुनियॉ, डेंगू एवं मच्छरों से निजात पाने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
39. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में बालिका आवासीय विद्यालय खोले जाने तथा वर्किंग वूमैन के लिए हास्टल का निर्माण कराये जाने,
40. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक गॉव में योग केन्द्र खोले जाने,
41. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत सड़कों का अतिशीघ्र निर्माण कराये जाने,
42. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए कोई ठोस कदम उठाये जाने,
43. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गॉव में खेल के मैदानों का निर्माण कराये जाने,
44. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत तालाबों का सौन्दर्यीकरण एवं चारों और रैलिंग की व्यवस्था किये जाने,
45. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में राजकीय इण्टर कालेज छापुर शेर अफगानपुर में अध्यापकों की नियुक्ति किये जाने
46. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में प्रत्येक गॉव में पशु अस्पताल की सुविधा उपलब्ध कराने,
47. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी गॉवों में सरकारी सेवाओं की तैयारियों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेण्टरों की स्थापना किये जाने,
48. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के लिए आने–जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य परिवहनों की बसों में निःशुल्क यात्रा कराये जाने,
49. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में ओलावृष्टि एवं दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त किसानों की फसलों का मुआवजा प्रदान किये जाने,
50. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई हेतु नलकूपों का निर्माण किये जाने,

51. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आन्तरिक मार्गों की मरम्मत एवं जल निकासी के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाये जाने तथा
52. जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत इंजीनियरिंग एवं बी0एससी0 के अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को लैपटाप उपलब्ध कराये जाने।''

3. श्री हरीश सिंह

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया हैः–

1. धापा से सांईपोलो, गिनीबैण्ड से गिनीगांव, जोशा से गांधी नगर, वल्थी से बाता उम डांडा, वमन गांव से सेमली, खुलीबैण्ड से सरमोला, बांसबगड़ से पोरथी, क्वीटी से मोहरम, सेलचामी से जरथी, सेलमाली से एस0सी0 बस्ती दाखिम कुरवा, सेरा से सिलिंग खरतोली, दारमा से आलम, भवानी से घरोड़ी मनकोट, चामी से मेतली कनार, लुमती से मल्ला लुमती, बरमबोगई से पातल, बलवाकोट से पोखरी, बलवाकोट से कांडा, बलवाकोट से थोड़ालेक, गलाती से कटौचिया, दरतेजम से यलदौंग, नारायण आश्रम से पस्ती, सिरदांग से रूंग, नापड़ से नौड़ा सड़कों का निर्माण किये जाने,
2. राजकीय इंटर कालेज डोर, नाचनी, बगीचाबगड़, जोशा, उछेती, विरथी, पन्द्रपाला, बांसबगड़, मुनस्यारी, खतेड़ा, भैंसकोट के भवन निर्माण किये जाने,
3. बालिका इंटर कालेज, नमजला, धारचूला, बीनाधार के भवन निर्माण किये जाने,
4. इंटर कालेज पय्यापोडी, स्याकुरी, खेत, जयकोट, मातम कैलाश, पंगला, पांगू के भवन निर्माण किये जाने,
5. माध्यमिक विद्यालय दर का निर्माण किये जाने,
6. जूनियर हाईस्कूल नामिक के भवन निर्माण किये जाने,
7. तहसील भवन बंगापानी, तेजम के भवन निर्माण किये जाने।
8. पं0 नैन सिंह, बलाती साहसिक पर्यटन भवन के अधूरे भवन का निर्माण कार्य किये जाने,
9. मुनस्यारी से खलियाटॉप रोपवे के निर्माण किया जाने,
10. ओम पर्वत से आदि कैलाश, होकरा देवी, भराड़ी और छिपला कोट को चारधाम योजना के तहत जोड़े जाने,
11. ओम पर्वत से आदि कैलाश, छिपला कोट, होकरा देवी, भराड़ी में पैदल रास्तों में पेयजल व्यवस्था, यात्री हट के निर्माण किये जाने,
12. आदि कैलाश, छिपला कोट, होकरा देवी एवं भराड़ी में नमामि गंगे की तर्ज पर स्नान घाटों का निर्माण किये जाने,
13. दारमा, चौदास, व्यास मल्ला जौहार व रालम क्षेत्र को पैदल, पेयजल, व मोबाईल सेवा से जोड़े जाने उक्त में छः माह राशन सरकारी रेट पर अवमुक्त करने एवं छः माह निःशुल्क हैली सेवा उपलब्ध कराये जाने,

14. धारचूला मुनस्यारी के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति किये जाने,एवं प्रदेश के समस्त विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर एस0एस0बी0 प्रशिक्षित गोरिल्लाओं को नियुक्ति दिये जाने,
15. पशु चिकित्सालय केन्द्रों में पशु एवं पशुधन अधिकारी की नियुक्ति किया जाने,
16. विधान सभा धारचूला के समस्त अस्पतालों में चिकित्सक (पुरूष/महिला), फार्मासिस्ट, ए0एन0एम0, जी0एन0एम0 की नियुक्ति किये जाने,
17. विधान सभा धारचूला के समस्त क्षेत्रों को मोबाईल नेटवर्क से जोड़ा जाने,
18. बंगापानी व तेजम तहसील में स्थाई तहसीलदारों की नियुक्ति किये जाने,
19. धारचूला, मुनस्यारी के समस्त गांवों में पेयजल की व्यवस्था दुरूस्त किये जाने,
20. तल्ला छारछूम से मल्ला छारछूम, चामी, लुंगती, छोड़ीबगड़, शेराघाट, मदकोट, सिरमोला, नाचनी, तेजम, बांसबगड़, दानीबगड़, बिखोरिया, धारचूला टाउन में आर्मी कैम्प में तटबन्ध निर्माण किये जाने,
21. मुनस्यारी के खलियाटॉप में औली की तर्ज पर स्कीइंग को बढ़ाया देने हेतु राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किये जाने,
22. दारमा क्षेत्र के पंचाचुली बेस कैम्प में होम स्टे योजना आरम्भ किये जाने,
23. वर्ष 2018–19 की आपदा से क्षतिग्रस्त भवनों का मुआवजा व पुनर्निर्माण कार्य किये जाने,
24. लम्बित विद्युत परियोजनाए (एन0एच0पी0सी0, टी0एच0डी0सी0, एन0टी0पी0सी0) को पूर्ण किये जाने,
25. धारचूला के दुर्गम क्षेत्रों में सेवारत कर्मचारियों को अतिरिक्त हाई एल्टीट्यूट भत्ता एवं उनके परिजनों को शहरी क्षेत्र में आवास सुविधा प्रदान किये जाने,
26. गूंजी, दारमा, चौदास, रालम, क्षेत्र में नियुक्त पुलिस के जवानों को सेना की तरह अतिरिक्त भत्ते दिये जाने,
27. मुनस्यारी में मिनी टैक्सटाइल पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने तथा
28. नगर पालिका धारचूला में ग्वाल गांव को सीवर लाईन से जोड़े जाने।''

4. श्री राजकुमार

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–

1. यमुनाघाटी (पुरोला) में जिला बनाये जाने,
2. ओद्यौगिक क्षेत्र में सत्तर प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को दिये जाने,
3. देवभूमि उत्तराखण्ड को शराब मुक्त किये जाने,

4. उत्तराखण्ड में पूर्ण रूप से शराब पर प्रतिबन्ध लगाये जाने,
5. गन्ना किसानों से किये गये वादों को पूर्ण किये जाने,
6. उत्तराखण्ड के किसानों का कर्ज माफ किये जाने,
7. रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये कोई स्पष्ट नीति बनाये जाने,
8. आपदा के दौरान जिन क्षेत्रों में क्षति हुई है उनकों पुनः स्थापित किये जाने हेतु समय सीमा स्थापित किये जाने,
9. अटल आयुष्मान योजना के तहत समूचे प्रदेश वासियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान किये जाने,
10. अटल आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों को सरकारी अस्पताल से रेफर किये जाने की बाध्यता को समाप्त किये जाने,
11. विकास खण्ड डामटा में लो0नि0वि0 का अतिथि गृह का निर्माण किये जाने,
12. विकासखण्ड कफनोल में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उच्चीकरण किये जाने,
13. नौगांव स्योरी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण किये जाने,
14. धारी कलोगी में सहकारी समिति बैंक का गठन किये जाने,
15. नौगांव नगर पंचायत में पार्किंग व्यवस्था किये जाने,
16. विकासखण्ड नौगांव में शौचालय की व्यवस्था किये जाने,
17. गांव विकासखण्ड में नौगांव में स्योरी सड़क का निर्माण किये जाने,
18. नौगांव नगर पंचायत में कम्युनिटी हॉल खोले जाने,
19. नौगांव में लम्बित पड़ी मण्डी की शुरूआत किये जाने,
20. विकासखण्ड नौगांव के डामटा में लो0नि0वि0 गेस्ट हाउस की स्थापना किये जाने
21. यमुनाघाटी में एक स्पोर्टस कॉलेज की स्थापना किये जाने,
22. पुरोला में स्टेडियम की स्थापना किये जाने,
23. पुरोला नगर पंचायत में कम्युनिटी हॉल खोले जाने,
24. पुरोला नगर पंचायत में पार्किंग बनाये जाने,
25. नौगांव विकासखण्ड में डिग्री कालेज की स्थापना किये जाने,
26. यमुना घाटी (पुरोला) में मेडिकल कॉलेज की स्थापना किये जाने,
27. पुरोला विधान सभा में एक महिला विश्वविद्यालय खोले जाने,
28. पुरोला विधान सभा में एक इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना किये जाने,
29. पुरोला विधान सभा में पॉलिटैक्निक कालेज खोले जाने,
30. पुरोला विधान सभा में ग्राम सभा कोरना गांव को विस्थापित किये जाने,
31. नौगांव विकासखण्ड के ग्राम सभा कपनौला गांव के ग्रामीणों को विस्थापित किये जाने,
32. पुरोला विधान सभा के गड़ोली क्षेत्र में देहरादून से राजगढ़ी रोडवेज सेवा लगाये जाने,
33. पुरोला विधानसभा के विकासखण्ड मोरी के ग्राम मैजाणी से भटाबू मोटर मार्ग का डामरीकरण किये जाने,
34. पुरोला विधानसभा के मोरी विकासखण्ड के साकरी में तालुका औसला तक मोटरमार्ग का निर्माण किये जाने,
35. पुरोला विधान सभा के पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने

36. पुरोला विधान सभा के अंतर्गत कार्य करने वाले हाईड्रो प्रोजेक्ट में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने,
37. पुरोला विधान सभा के अंतर्गत सेब का उत्पादन भारी मात्रा में होने लेकिन बरसात अत्यधिक होने के कारण सड़के टूटने के कारण कास्तकारों व सेब उत्पादकों का सेब सड़ने के दृष्टिगत फलों के संरक्षण हेतु कोल्ड स्टोरेज की स्थापना किये जाने,
38. हिमाचल की भांति ही सेब का समर्थन मूल्य तय किये जाने,
39. पुरोला विधान सभा से सरकारी सेवा में नौकरी हेतु प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर फ्री कोचिंग सेंटर खोले जाने,
40. पुरोला विकास खण्ड के कामरा शाखल रोड़ की स्वीकृति किये जाने,
41. पुरोला विधान सभा के कन्ताड़ी से गोटूका मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने,
42. पुरोला विधान सभा के विकास खण्ड नौगांव के कन्सोला से दौनी मोटर मार्ग के निर्माण किये जाने,
43. पुरोला के आई0टी0आई0 कालेज का भवन निर्माण किये जाने,
44. पुरोला अगोड़ा श्रीकोट मोटर मार्ग का डामरीकरण किये जाने,
45. पुरोला में राजकीय बालिका इंटर कालेज भवन का निर्माण किये जाने,
46. पुरोला में करणा से शिकारू मोटर मार्ग का निर्माण किये जाने,
47. पुरोला विधान सभा के आरोकोट में मण्डी की स्थापना किये जाने,
48. पुरोला विधान सभा में ठडियार पुल का निर्माण किये जाने,
49. पुरोला विधान सभा के विकास खण्ड नौगांव के धारीकलोगी में सहकारी बैंक की स्थापना किये जाने,
50. पुरोला विधान सभा में विकास खण्ड नौगांव के कपनौल हाईस्कूल का उच्चीकरण किये जाने,
51. पुरोला विधान सभा में मोरी विकास खण्ड के खरसाड़ी गडू गाड इंटर कालेज के भवन का निर्माण किये जाने,
52. पुरोला विकास खण्ड मोरी के राजकीय इंटर कालेज मोरी के भवन निर्माण किये जाने,
53. पुरोला विकास खण्ड मोरी के नैटवाड़ राजकीय इंटर कालेज के भवन निर्माण किये जाने,
54. पुरोला विकास खण्ड मोरी के टिकोची राजकीय इंटर कालेज के भवन निर्माण किये जाने,
55. पुरोला नौगांव विकास खण्ड के राजकीय इंटर कालेज नौगांव के भवन निर्माण किये जाने,
56. पुरोला विकास खण्ड नौगांव के कन्या जूनियर हाईस्कूल मराड़ का उच्चीकरण किये जाने तथा
57. पुरोला विकास खण्ड नौगांव के राजकीय इंटर कालेज कण्डारी के भवन का निर्माण किये जाने।''

5. श्री आदेश सिंह चौहान

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाएः–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–

1. विधान सभा क्षेत्र जसपुर की समस्त क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण किये जाने
2. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में अधूरे स्टेडियम का निर्माण कार्य किये जाने,
3. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में अधूरे तहसील भवन को पूर्ण किये जाने,
4. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में उप जिलाधिकारी कार्यालय का निर्माण किये जाने,
5. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों का निर्माण किये जाने,
6. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में पॉलिटैक्निक कालेज का निर्माण किये जाने,
7. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में नदियों से होने वाले कटान को रोकने के लिए तटबन्ध बनाये जाने,
8. जसपुर क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के क्षतिग्रस्त भवनों का निर्माण किये जाने,
9. जसपुर नगर पालिका में सीवर लाईन की व्यवस्था किये जाने,
10. जसपुर शहर में रोडवेज स्टेशन की स्थापना किये जाने,
11. जसपुर विधान सभा क्षेत्र में वहेड़ी पेयजल व गढ़ी नेगी पेयजल की क्षतिग्रस्त लाईनों को ठीक किये जाने,
12. जसपुर नगर पालिका में पेयजल व्यवस्था को ठीक किये जाने व पेयजल व्यवस्था का द्वितीय फेज आरम्भ किये जाने तथा
13. विधान सभा क्षेत्र जसपुर के ग्राम सीपका वासियों को उनकी कृषि भूमि पर मालिकाना हक दिलाये जाने।''

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार

प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:–

"किन्तु खेद है कि श्री राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है :–

1. उत्तराखण्ड की स्थायी राजधानी गैरसैंण को घोषित करने,
2. उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में बड़े उद्योग स्थापित करने के लिए अलग से नीति बनाने व रियायत देने,
3. उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों सहित चिकित्सा शिविर एवं मोबाईल चिकित्सा वाहन के जरिए निश्चित तिथियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने,
4. उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में बहने वाली छोटी–बड़ी नदियों के किनारे बसे गांवों को पेयजल व सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लिफ्ट योजनाओं का निर्माण करने,
5. प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों व घायलों को पूरे राज्य में अलग–अलग सहायता उपलब्ध कराये जाने के बजाय एक समान सहायता देने,
6. उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपदों में निवास करने वाले बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन व परिचय पत्र जारी करने,
7. पर्वतीय क्षेत्रों में औषधीय गुणों से परिपूर्ण मुख्य फसलों व फलों का समर्थन मूल्य निर्धारित करने,

8. प्रदेश के चारधामों यथा यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बद्रीनाथ के विकास के लिए पृथक से बजट में प्राविधान करने,
9. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में स्थित धार्मिक व पर्यटक स्थलों तथा पौराणिक मन्दिरों को चिन्हित कर उनके विकास व संरक्षण के लिए कार्य योजना बनाने,
10. पर्यटन को बढ़ावा देने एवं संस्कृति संरक्षण के लिए आयोजित होने वाले मेलों को एक समान अनुदान देने,
11. देश की सीमाओं में शहीद होने वाले सैनिकों के स्मारक जनपद मुख्यालयों में बनाने एवं विद्यालयों एवं सड़कों के नाम उनकी स्मृति में रखने,
12. गेस्ट टीचरों को नियमित करने,
13. आंगनबाड़ी कार्यकत्री/आशा कार्यकत्री/भोजनमाताओं तथा ग्राम प्रहरियों के मानदेय बढ़ाने,
14. एस0एस0बी0 प्रशिक्षित गुरिल्लों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिलाने,
15. चिन्हित उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों एवं आश्रितों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण दिये जाने,
16. टिहरी बाँध झील से प्रभावित गांवों की समस्याओं के निराकरण करने,
17. राज्य की क्षतिग्रस्त सिंचाई तथा पेयजल योजनाओं के पुनर्निर्माण करने,
18. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 थौलधार के नकोट–धमाडी में पेयजल योजना निर्माण कार्य करने,
19. दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों जिनका पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है उनके पुनर्निर्माण हेतु धनराशि उपलब्ध कराने तथा मानकों में आवश्यक शिथिलता प्रदान करने,
20. उत्तराखण्ड राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस रोजगार नीति बनाने,
21. राज्य के पर्वतीय जनपदों में भी उद्योगों की स्थापना करने,
22. राज्य के महिलाओं के उत्थान हेतु योजना बनाने,
23. राज्य में स्वजल परियोजना को यथावत रखने,
24. राज्य में विभिन्न विभागों में कार्यरत आउट सोर्स कार्मिकों को समान कार्य समान वेतन दिये जाने तथा नियमित करने,
25. जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) में केन्द्रीय विद्यालय खोलने,
26. जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) तथा थौलधार में मिनी स्टेडियम बनाने,
27. विधान सभा धनोल्टी के धनोल्टी–मोरियाणा, देवलसारी, नागटिब्बा व मसूरी खट्टा पानी को पर्यटन सर्किट घोषित करने,
28. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के थत्यूड़, नैनबाग तथा कण्डीसौड़, कमान्द में मिनी सब्जी मण्डियों की स्थापना करने,
29. जनपद टिहरी गढ़वाल के राजकीय महाविद्यालय कमान्द में भवन निर्माण करने तथा स्वीकृत रिक्त पदों पर प्रवक्ताओं के पदों को भरने,

30. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवान, का भवन निर्माण करने,
31. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के सभी चिकित्सालयों में चिकित्सक व फार्मेसिस्टों के रिक्त पदों को भरने,
32. सुआखोली–अलमस–भवान–नगुण मोटरमार्ग के मध्य मोरियाणा अथवा क्यारदा –डडोली में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने,
33. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के धनोल्टी से मोरियाणा तक मोटर मार्ग को वन विभाग से लोक निर्माण विभाग में परिवर्तन कर निर्माण करने,
34. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के भवान–गवाणा–डामणी मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य 24 मी0 स्पान व 36 मी0 स्पान स्टील गार्डर सेतु सहित निर्माण करने,
35. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड जौनपुर में छनाणगांव के भीमलकी चलोटी में क्षतिग्रस्त 90 मी0 पैदल झूला पुल का निर्माण करने,
36. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर के ग्राम सभा खट्ट से मोलखेत मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य करने,
37. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर के साटागाड बैण्ड से फेडी किमोड़ा तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य करने,
38. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर में मसोन–काण्डी–द्वारगढ़ हल्का वाहन मोटर मार्ग का मोटर मार्ग में परिवर्तन एवं डामरीकरण (द्वितीय चरण) कार्य करने,
39. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर के सेल्वाणी राजखिल मंजगांव हल्का वाहन मोटर मार्ग का मोटर मार्ग में परिवर्तन (द्वितीय चरण) कार्य करने,
40. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत सुआखोली अलमस–भवान–नगुण मोटरमार्ग कुल लम्बाई 57 किमी भाग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने,
41. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर के भवान–साटागाड मोटर मार्ग का डामरीकरण (प्रथम चरण) कार्य करने,
42. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के वि0ख0 जौनपुर के अन्तर्गत श्रीपुर मथेट मय नारायणगांव, ल्वारखा धौलगिरी तक मोटर मार्ग का (द्वितीय चरण) निर्माण करने
43. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अगिण्डा से घिना तक मोटर मार्ग का द्वितीय चरण कार्य करने,
44. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अगलाड–थत्यूड मोटर मार्ग का सुदृढीकरण करने,
45. विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत मुन्दणी से ऐरी तक मोटर मार्ग निर्माण (द्वितीय चरण) कार्य करने,
46. विधान सभा क्षेत्र के अर्न्तगत वि.ख. थौलधार के गैर से कौगी, कौगी से खाद तक मोटर मार्ग (द्वितीय चरण) निर्माण करने,
47. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के विद्यालय बाण्डाचक–घुत्तु बैण्ड से डामणी मथलाऊ तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (द्वितीय चरण) का करने,

48. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के घण्डियाला से सरतली तक मोटर मार्ग का नव निर्माण (द्वितीय चरण) कार्य करने,
49. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार के अर्न्तगत चम्बा–धरासू के अर्न्तगत कि.मी. 64 से सैनसारी–नवागांव–मंजाकोट मोटर मार्ग के अवशेष भाग (द्वितीय चरण) का निर्माण करने,
50. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार के उनियालगांव से सरोट तक मोटर मार्ग (द्वितीय चरण) का निर्माण कार्य करने,
51. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के अर्न्तगत रायपुर कुमाल्डा, कददूखाल के कि.मी. 35 से सतेंगल मोटर मार्ग (द्वितीय चरण) का निर्माण कार्य करने,
52. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत सुवाखोली से क्यारा होते रायपुर तक मोटर मार्ग नव निर्माण कार्य करने,
53. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत  वि.ख. थौलधार के लालूरी घियाकोटी क्यार्दा की चली तक मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का द्वितीय चरण कार्य करने,
54. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत वि.ख. थौलधार मैण्डखाल से गैर नगुण के मोटर मार्ग के लवाणी से गाफर तक मोटर मार्ग निर्माण (द्वितीय चरण) का कार्य करने,
55. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत मैण्डखाल से खाद,साबली (जौनपुर) मोटर मार्ग एवं अलमस–भवन नगुण मोटर मार्ग के मध्य मिंसिग लिंक मोटर माग (द्वितीय चरण)  का निर्माण करने,
56. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी  के कैम्पटी–थत्यूड़ मोटर मार्ग  के अवशेष भाग का निर्माण कार्य करने,
57. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के कैम्पटी–चडोगी हल्का वाहन का मोटर मार्ग में परिवर्तन एवं डामरीकरण कार्य करने,
58. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के तौलियाकाटल के सौन्दणा ग्राम में सौंग नदी पर 62 मी. पुल निर्माण कार्य करने,
59. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के ग्राम फिडोगी के ग्राम बुरांस खण्डा से आलूचक के चलीधार, पत्थर खोल, जवाला, मानीधार होते हुए बन्दरी तोक तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य करने,
60. राजकीय महाविद्यालय कमान्द का भवन निर्माण करने,
61. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के दुधली से डिबोगी तक मोटर मार्ग का डामरीकरण कार्य करने,
62. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार में बग्यिाल से जुखाड़ी तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य करने,
63. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर में कैम्पटी फॉल के निकट मोटर पार्किग हेतु मोटर मार्ग का चौडीकरण एवं सुरक्षा दीवार निर्माण (द्वितीय चरण) का कार्य करने,
64. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार के अर्न्तगत घुघती ढुंगा धमाडी मोटर मार्ग का सुधार एवं डामरीकरण कार्य करने,
65. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार लेंगर्थ से भोंगर गांव तक मोटर मार्ग का निर्माण करने,
66. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के अर्न्तगत गोंठ में क्यारा से गोंठ झालकी होते हुए धनोल्टी तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य करने,

67. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के हटवाल गांव से आनन्द चौक तक पंम्पिंग पेयजल योजना का निर्माण करने,
68. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के हटवाल गांव से बनाली तक पंम्पिग पेयजल योजना का निर्माण करने,
69. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के अगलाड नदी से काण्डी तक पंम्पिग पेयजल योजना का निर्माण करने,
70. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर टरू एवं खाद मे पंम्पिग पेयजल योजना निर्माण करने,
71. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर में भवान,स्यालसी व गोरण हेतु पंम्पिग पेयजल योजना का निर्माण करने,
72. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर रा.इ.का. आनन्द चौक, मरोडा, रौतु की बेली, नकुरची, मथलाऊ, सडभ क्यारी, दौंक, वि.ख. थौलधार के गैर (नगुण), क्यारी नगुण, बाण्डा व वि.ख. चम्बा के बनाली में भवन निर्माण कार्य करने,
73. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के रा.उ.मा.वि. सेलवाणी, कुमाल्डा, थान, नौघर, साटागाड़, भटोली, लैदूर, भालकीमाण्डे, भुटगावं, चामासारी, रणोगी तथा परोगी का भवन निर्माण करने,
74. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के भवान, कैम्पटी, वि.ख. थौलधार के मैण्डखाल में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण करने,
75. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के कण्डालगांव, भटोली, काण्डाजाख, रगड़गांव, गोठ, शीर्ष व वि.ख. थौलधार के डडोली, नेरी, मंजकोट (नगुण) के पशु सेवा केन्द्रों का भवन निर्माण कार्य करने,
76. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार के अन्य पिछडा वर्ग गंगाड़ी समुदाय को केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने,
77. प्रदेश में स्थापित होने वाले छोटे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रदेश के ही शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर नियुक्त किये जाने,
78. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी अध्यापक विहीन हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों में तथा महाविद्यालयों में अध्यापकों की तैनाती करने,
79. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के धनोल्टी–मोरियाणा,देवलसारी,नागटिब्बा तक जाने हेतु सुदृढ़ ट्रेक मार्गों तथा विश्रामालयों का निर्माण करने,
80. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वन भूमि हस्तान्तरण प्रक्रिया में लम्बित प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण करने,
81. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के चम्बा–जड़ी पानी,काणाताल धनोल्टी को नवीन तकनीकि रूप से फल पट्टी विकसित करने,
82. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के कण्डीसौड़ (थौलधार) तथा थत्यूड़ (जौनपुर) में राजकीय पालिटैक्निक की स्थापना करने,
83. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के अगलाड नदी तथा सौंग नदी (सकलाना क्षेत्र) के आस–पास बस्तियों एवं गांवों में बाढ़ सुरक्षा कार्य करने,
84. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के भवान,थत्यूड़,पन्तवाड़ी व वि.ख. थौलधार के कमान्द में खेलों के प्रोत्साहन हेतु खेल मैदानों का निर्माण करने,

85. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. थौलधार के कण्डीसौड़ में वि.ख. चिन्यालीसौड़,(उत्तरकाशी) के गावों को जोड़ने हेतु भागीरथी नदी पर बने जलाशय के उपर झूला पुल का निर्माण करने,
86. राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के गावों में निवासरत् लोगों के द्वारा हो रहे लगातार पलायन रोकने हेतु ठोस नीति बनाने,
87. चारधाम चात्रा मार्गों पर तीर्थ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने,
88. राज्य में औद्यानिकी को आर्थिकी व रोजगार से जोड़ने के लिए कार्य योजना व नीति बनाने,
89. राज्य के प्रत्येक हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेजों में योग प्रशिक्षितों की नियुक्ति करने ,
90. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त अगलाड नदी पर बहे खेतों का पुनर्निर्माण करने तथा बाढ़ नियन्त्रण योजनान्तर्गत सुरक्षात्मक कार्य करने,
91. राज्य में होम स्टे योजना में सरलीकरण करने,
92. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत विद्युत सुविधा से वंचित गावों/तोकों में विद्युतीकरण किये जाने,
93. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत म्याणी (जाखधार),रौतू की बेली, मोरियाणा, बनाली (चम्बा), में बी.एस.एन.एल. मोबाईल टावर स्थापित करने,
94. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत भवान–नगुण मोटर मार्ग में स्थित ग्राम रौतू की बेली के समीप स्थित बस्तियों में पेयजल योजना कार्य करने,
95. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के अर्न्तगत अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्राम थत्यूड़,साटागाड (बान्सी), मूलगढ़, टिकरी (ढकरौल) सौठियालगांव, श्रीपुर (भरवाकाटल) तथा वि.ख. थौलधार के अर्न्तगत ल्वारखा (थौलधार), स्यांसू, खाण्ड,डोबन, क्यारी (गुसांई) में बारात घर निर्माण कार्य करने,
96. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के सत्यों (पुजारगांव) में राजकीय महाविद्यालय हेतु वित्तीय स्वीकृति दिये जाने,
97. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के मरोडा (सकलाना) में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करने,
98. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के वि.ख. जौनपुर के नैनबाग तथा वि.ख. थौलधार के कण्डीसौड में तहसील के भवनों का निर्माण कार्य करने,
99. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गतम बंगियाल व गरखेत में राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा खोलने,
100. विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल धनोल्टी, भवान तथा कमान्द, मैण्डखाल में पर्यटकों व क्षेत्रीय जनता की सुविधा हेतु ए.टी.एम. सुविधा उपलब्ध कराने,
101. राज्य के महिला मंगल दलों तथा युवक मंगल दलों के प्रोत्साहन हेतु वित्तीय सहायता दिये जाने,
102. नये जिलों का सृजन किए जाने,

103. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बडकोट, नौंगांव, डुण्डा, चिन्यालीसौड़, कण्डीसौड़ तथा थत्यूड में टेली मेडिसिन व टेली रेडियोलोजी की सुविधाएं प्रदान करने,
104. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड व कण्डीसौड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करने व इन चिकित्सालयों से अन्यत्र सम्बद्ध किये गये चिकित्सक/विशेषज्ञ चिकित्सकों को वापस करने,
105. अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सत्यों सकलाना में एम्बुलेंस हेतु वाहन चालक का पद सृजित करने व जब तक पद सृजित न हो तब तक वैकल्पिक व्यवस्था करने,
106. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राज्य में तैनात संविदा कर्मियों को लायल्टी बोनस प्रदान करने,
107. आल वेदर रोड परियोजना में प्रभावित काश्तकारों की भूमि का एक समान प्रतिकर दिये जाने,
108. 31 जनवरी 2019 को राज्य कर्मचारियों द्वारा शान्तिपूर्ण न्यायोचित राज्यव्यापी हडताल की सूचना के बाद भी एक दिन का वेतन काटे जाने के अलोकतांत्रिक निर्णय को वापस लिये जाने,
109. हवाई पट्टी चिन्यालीसौड में नियमित हवाई उडान सुविधा प्रारम्भ करने तथा
110. टिहरी बांध परियोजना अन्तर्गत निर्मित जलाशय के समीपस्थ अवस्थित गांव की भूमि को लगातार हो रहे भू–स्खलन को रोकने के कारगर उपाय करने।''

7. काजी मौ0 निजामुद्दीन — प्रस्ताव के अन्त में निम्नलिखित जोड़ दिया जाए:–

''किन्तु खेद है कि माननीय राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में निम्नलिखित का कोई उल्लेख नहीं किया है:–

1. बेरोजगार युवाओं को ₹3500/प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने,
2. किसानों का सम्पूर्ण ऋण माफ करने,
3. गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर गत वर्षों का रुका भुगतान 1 सप्ताह में करने,
4. चीनी मिलों द्वारा चालू पेराई सत्र में हर 15 दिन में गन्ना आपूर्ति का भुगतान सुनिश्चित करने,
5. सिंचाई हेतु स्थापित समस्त नहर, रजबहे, नलकूप आदि को हर वर्ष मरम्मत करने,
6. ड्रिप सिंचाई स्थापित करने के लिए अनुदान 50: से बढ़ा कर 90: करने,
7. कृषि वानिकी को प्रोत्साहित किये जाने,
8. राज्य की हर बालिका को जब तक वह पड़ना चाहे पूर्ण रूप से उसकी पढ़ाई का व्यय सरकार वहन करे,
9. समस्त सरकारी अस्पतालों में डांक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की मानको के अनुसार नियुक्ति करने,
10. समस्त सरकारी अस्पताल में ज़रूरी दवाओं की पूर्ति करने,
11. सभी पशु अस्पताल में ज़रूरी दवा की पूर्ति, डाक्टरों एवं अन्य स्टाफ तैनाती,
12. विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना ताकि आंधी तूफान के समय विद्युत आपूर्ति बनी रहे,

13. राज्य की वित्तीय स्थिति को ठोस आधार पर सुदृढ़ करना, ताकि राज्य वित्तीय आधार पर आत्म  निर्भर हो सके,
14. राज्य में उर्दू अकादमी स्थापित किये जाने,
15. राज्य के अनुसूचित जाति,जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर छात्रों को स्कूल और कालेजों में समय से छात्रवृत्ति देने,
16. गंगा की सहायक नदी सोलानी को साफ करने,
17. सभी नगर निकाय में कूड़ा निस्तारण मैदान होने,
18. सभी नगर निकाय में मानक और आबादी अनुसार सफाई कर्मचारी तैनात करने,
19. आगामी कुम्भ मेले से पहले हरिद्वार जाने वाले समस्त मार्गो का चौड़ीकरण कर सुदृढ़ करना,
20. मंगलौर डिग्री कालेज में विज्ञान विषय शुरू करना और वहा शिक्षक की कमी दूर करने,
21. एन0एच0 58 पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए सरकारी अस्पताल मंगलौर और नारसन में ट्रामा सेंटर स्थापित किये जाने,
22. मंगलौर में नई पेयजल योजना को यथाशीघ्र पूर्ण कर चालू करने,
23. मंगलौर की नई बस्तियों और कालोनियों का विद्युतीकरण करने,
24. मंगलौर के सरकारी स्कूलों में आर0टी0ई0के मानकों के अनुसार शिक्षक तैनात करने तथा
25. उत्तराखण्ड राज्य को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने हेतु कोई ठोस कार्ययोजना बनाने और लागू करने।''